# Sandarshika

## Newsletter

(Internal Quality Assurance Cell)

**Session**
**July 2023 to Jun 2024**




# दयानन्द वैदिक कॉलेज


उरई (जालौन) उ0प्र0

सम्बद्ध : बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

www.dvcorai.ac.in  dvcoffice11@gmail.com  dvcoraiofficial




# संदर्शिका
# SANDARSHIKA
## Newsletter
(Internal Quality Assurance Cell)

**July 2023 to Jun 2024**

IQAC NEWSLETTER

### अध्यक्ष की कलम से...



''संदर्शिका'' के सत्र 2023–24–के अंक को देखकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इसे देखकर सत्र 2023–24 में महाविद्यालय की गतिविधियों का विवरण प्राप्त हुआ, जो आनंदायक है। IQAC की संयोजिका प्रो० अलकारानी पुरवार व सम्पादकीय टीम को इस अंक के प्रकाशन हेतु शुभकामनाएं देता हूँ। महाविद्यालय के कर्मठ और ओजस्वी प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय की दूरदर्शिता तथा कर्मठता श्लाघनीय है। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी महाविद्यालय की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। NAAC निरीक्षण को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को और अधिक मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होगी। आशा करता हूँ महाविद्यालय परिवार हमारी अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। पुनः बधाई और शुभकामनाएँ।

**डॉ० दिलीप सेठ, अध्यक्ष, प्रबन्धकारिणी कमेटी, उरई**

### प्रबन्धकीय उद्बोधन



मैं ''संदर्शिका'' के सत्र 2023–24 के अंक हेतु IQAC की संयोजिका प्रो0 अलकारानी पुरवार एवं सम्पादकीय टीम को शुभकामनाएं देता हूँ। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी के कुशल नेतृत्व में दयानन्द वैदिक कॉलेज छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अग्रसर है। छात्र–छात्राओं के लिए वाचनालय शुरू करने से लेकर ड्रेस लागू करने तथा लाइब्रेरी में पुस्तकों की संख्या में वृद्धि करने जैसे प्रशंसनीय कार्य इस सत्र में सम्पन्न हुए है। ''संदर्शिका'' महाविद्यालय की सत्रीय गतिविधियों और उपलब्धियों का दर्पण है। इसके कुशल संयोजन हेतु मैं बधाई प्रेषित करता हूँ। महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनन्त शुभकामनाएँ।

**डॉ० देवेन्द्र कुमार, मंत्री, प्रबन्धकारिणी कमेटी, उरई**

### शुभकामना संदेश



मैं ''संदर्शिका'' के सत्र 2023–24 के अंक के प्रकाशन हेतु आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। न्यूज लेटर का कुशलतापूर्वक संयोजन किया गया है। मैं IQAC टीम को NAAC के लिए शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि हमारे समवेत प्रयास से दयानन्द वैदिक कॉलेज NAAC निरीक्षण में उत्कृष्ट ग्रेडिंग प्राप्त करे। संसाधन सीमित हैं और समय अत्यधिक कम, इस कारण महाविद्यालय परिवार को अपने पूर्ण समर्पण के साथ NAAC निरीक्षण में सहभाग करना होगा। इसी आशा के साथ मैं पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई प्रेषित करता हूँ।

**प्रो0 (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय, प्राचार्य, दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई**

### From the IQAC Convener's Pen



It gives me immense pleasure to unveil the IQAC Newsletter for the session 2023-24. This newsletter showcases the numerous achievements and invaluable contributions made by our esteemed faculty members and talented students.

I am thrilled to share that during the current academic session, several students excelled in competitive exams, such as, NET/JRF, while other students have successfully secured jobs in various prestigious positions in their respective fields. Their achievements are a testament to their hard work, dedication, and the quality education provided by our Institution.

In addition, our faculty members have done innumerable research publications, bringing accolades to the college.

I would like to take this opportunity to deeply appreciate the efforts of the Editorial Committee for their incredible dedication and hard work in creating this Newsletter. Their commitment to excellence and their meticulous attention to detail have been instrumental in making this publication a reality.

**Prof. Alka Rani Purwar,** Convener, IQAC

### सम्पादकीय



सम्मानित महाविद्यालय परिवार, यह न्यूज़लेटर हमारे महाविद्यालय के सभी विभागों की विविध उपलब्धियों, गतिविधियों और योगदान का संकलन है। प्रत्येक गतिविधि, उपलब्धि और पहल हमारे संस्थान की गरिमा को बढ़ाती है। पिछले वर्ष के दौरान, हमारे संकाय सदस्यों ने खुद को विषय विशेषज्ञों के रूप में प्रतिष्ठित किया है, प्रभावशाली अतिथि व्याख्यान दिए हैं और उत्कृष्टता के प्रति अपनी लगन को प्रदर्शित करते हुए प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए हैं। हमारे छात्रों ने भी विश्वविद्यालय पदक हासिल करके एवं शैक्षणिक, सांस्कृतिक गतिविधियों और खेलों में सफलता प्राप्त कर हमारे कॉलेज को गौरवान्वित किया है। ''संदर्शिका'' शीर्षित न्यूज़लेटर न केवल हमारी उपलब्धियों के रिकॉर्ड के रूप में बल्कि प्रेरणा के स्रोत के रूप में भी काम करता है, जो हमें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने और समग्र विकास का समर्थन करने वाले वातावरण को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आइए हम अपने संस्थान को शीर्ष स्तर पर ले जाने और उसकी सफलता में योगदान करते हुए उत्कृष्टता और नवाचार के मूल्यों को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना जारी रखें।

**डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी, सम्पादक, संदर्शिका (न्यूज लेटर)**

# Best Practices

1. **Title of the Practice:** Uniform for **Undergraduate** and Post-graduate Students
2. **Objective:**
   - To create the feeling of oneness and belongingness among the students.
   - To create discipline among the students
   - To dissipate the socio-economic inequities/disparities among the students
3. **The Context**
   - To introduce uniform for the students was a tough decision for the college authorities since all the stakeholders had different perspectives towards its implementation.
   - The decision on the uniform color came after much deliberation and meticulous forethought, for example, neutral colors were chosen which can be paired well with other colors and can also be worn in informal contexts.
4. **The Practice** : The college made it compulsory for all the students to wear uniform along with their ID card. While admitting the students in the college, the admission committee informs the students about the dress-code of the college. For female students, the kurta is of beige color and the salwar and dupatta are of grey color. For male students, the shirt is of beige color and the pant is of grey color. For winters, the sweater/blazer is of maroon color for all the students.
5. **Evidence of Success:** This practice enhanced the ease of differentiating between students and tress-passers and thereby in preventing the tress-passers from entering the college premises. Uniform makes everyone look alike, avoiding any chance of bullying or discrimination. It also reduces distractions and peer pressure related to clothing choices and fashion trends. In addition, the students expressed a feeling of oneness and belongingness.
6. **Problems Encountered and Resources Required:** Since, there was a lot of resistance among the students for wearing uniform , the uniform policy was introduced gradually, allowing time for students to adjust. For example , starting from specific days of the week before making it a daily requirement. Extra time was allotted to the students to manage the dress material in stipulated time.

1. **Title of the Practice:** Conduction of Activities for **Inclusive** Wellness of Students
2. **Objectives of the Practice:**
   - To create awareness on various health & wellness related topics among students.
   - To collaborate with different organizations/industries and bridge the gap between academic knowledge and practical application in the real-world scenario.
   - To introduce students to different perspectives; inculcate a sense of social responsibility; and encourage creative problem-solving and innovation.
3. **The Context** : In alignment with NEP, 2020, the College not only focuses on academic excellence but also emphasizes upon the physical, psychological, social and spiritual development of students. The aim is to equip students with the necessary skills and social values, so that they can thrive both in their personal and professional lives.
4. **The Practice :** During the current academic year, a wide range of activities were organized, spanning from Gender Sensitization Awareness Program (07 November, 2023) to Blood Donation Camp (29 September, 2023) to an Awareness Session on Lifestyle Disorders: Cancer Prevention – What we can do? (12 December, 2023) to a Spiritual Workshop on 'Geeta Darshan mein Nihit Mansik Samasyaon ka Samadhan (13-18 December, 2023)'.
5. **Evidence of Success :** A large number of faculty members and students participated in these activities. This wide spectrum of activities has been proven to bring positive impact on the health and well-being of the faculty members and students. They reported a heightened sense of physical, psychological and social well-being.
6. **Problems Encountered and Resources Required :** There is a requirement to conduct such programs/workshops for longer duration of time for sustained benefits. With regard to resources, it was difficult to accommodate all the students in one place because of limited seating space. In addition, online sessions/workshops (conducted through online mode) were also sometimes disrupted due to lack of fully tech-enabled classrooms.

# New Memorandum of Understandings

Internal Quality Assurance Cell (IQAC) plays a vital role in maintaining and enhancing the quality of the Institution and suggests quality enhancement strategies to be adopted. The two Practices institutionalized as a result of IQAC initiatives are as follows:

1. The Institution signed following noteworthy **MoUs** with reputed organizations :

- Signed a MoU with **Government Industrial Training Institute, Orai**, Jalaun on 12-06-2024 so that both the organizations can collaborate for the exchange of knowledge through training programs, vocational and skill development program/training based on ODOP, exchange of faculties etc.
- Signed a MoU with **Indian Bank Rural Self Employment Training Institute, Jalaun** on 27-06-2024 funded by Ministry of Rural Development (MoRD) to provide free-of-cost skill training and credit assistance to rural and financially weak youth in the age group of 18-45 years. Both the organizations can collaborate for the exchange of resource sharing, joint programs, assistance of self-employment etc.
- Signed a MoU with **ICAR-Indian Grassland and fodder research institute, Jhansi** on 20-06-2024 so that both the organizations can collaborate for the exchange in the field of common research interests, exchange of Information, training etc.
- Signed a MoU with **Government Polytechnic, Orai** on 12-06-2024 so that both the organizations can collaborate for the exchange of faculties, training programs, vocational and skill development in the form of summer training/internship, participation of students in cultural and extra-curricular activities etc.
- Signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 31-01-2024 with Heartfulness Institute (Hydrabad) Centre Orai (U.P.) to create a new holistic approach of heart and mind through all inclusive education among students and staff of the college.
- Signed a MoU with **Economics Department of Netaji Subhash Chandra Bose Govt. Girls P.G. College, Aliganj, Lucknow** on 13-04-2024 for the exchange of faculties, research activities, cultural and extra-curricular activities, participation in national/international seminars, workshops etc.
- Signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 24-02-2024 with **Bundelkhand College, Jhansi** so that both the organizations can collaborate for the Encouragement of study, promotion of collaborative research, development of short-term academic and training programs, organize academic meetings, seminars, workshops and lectures etc .
- Signed a Memorandum of Understanding (MoU) on 19-01-2024 with **District Institute of education and training, Pindari, Jalaun** for the exchange of faculties, research activities, cultural and extra-curricular activities, participation in national/international seminars, workshops etc.
- Signed a Memorandum of Understanding (MoU) with **Goswami Tulsidas Government P.G. College, Karwi, Chitrakoot** on 03-04-2024 so that both the organizations can collaborate for the Encouragement of study, promotion of collaborative research, development of short-term academic and training programs, organized academic meeting, seminars and workshops, exchange of information related to research or technical data etc.

**Feedback Mechanism**

The Institution has implemented a well-structured feedback mechanism where in we collect feedback from faculty members and students. Further the feedback is analyzed and subsequently action taken repot is prepared by the respective committee of the Institution.

# Life membership/membership in academic/ non-academic bodies

**Dr. Rajesh Chandra Pandey** (Deptt. of Hindi):-
- Vice President, Vishwa Hindi Manch, Bharat
- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad

**Dr. Ramkishor Gupta** (Deptt. of Botany):-
- Life member, Indian Science Congress Association, Kolkata.
- Life Member, Association of Microbiologists of India, New Delhi.
- Life Member, Range Management Society of India, IGFRI, Jhansi (U.P.)
- Member, Executive Council of Bundelkhand University, Jhansi
- Life member - Journal, Everyman's Science

**Dr. Vijay Kumar Yadav** (Deptt. of Botany):-
- Life Member, Range Management Society of India, IGFRI, Jhansi (U.P.)
- Convener, Board of Studies (Botany), Bundelkhand University, Jhansi.
- Member, Executive Council of Bundelkhand University, Jhansi

**Dr. Alka Rani Purwar** (Deptt. of English):-
- Life Member, The Association for English Studies of India (AESI)
- Member, Board of Studies (English), Bundelkhand University, Jhansi.

**Dr. S. S. Chauhan** (Deptt. of Maths):-
- Member, Board of Studies (Maths), Bundelkhand University, Jhansi
- Joint Secretary of The Vijnana Parishad of India, Orai
- Life Member of Vijnana Parishad of India , Orai (U.P.)
- Life Member of National Academy of Mathematics, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur (U.P.)

**Dr. Vijay Kumar Chaudhary** (Deptt. of Chemistry):-
- Life Member, Indian Chemical Society, Kolkata
- Life Member, Society for Technologically Advanced Materials, Nagpur

**Dr. Rajesh Paliwal** (Deptt. of Teacher Education):-
- Shiksha Samman, B.U., Jhansi, Government of Uttar Pradesh
- Jalaun Nakshatra, District Magistrate, Jalaun
- Member, B. Ed., M.Ed., Board of Studies, Bundelkhand UIniversity, Jhansi.

**Dr. Rajan Bhatia** (Deptt. of Physical Education):-
- Technical Chairmen, UP Athletics Association.
- Secretary Jalaun District Athletics Association.

**Dr. Shravan Kumar Tripathi** ( Dept. of Defence & Strategic Studies)
- Life Member of National Congress for Defence Studies, Prayagraj
- Journal 'Doctrine', Member of Editorial Board, Kanpur

**Dr. Gaurav Yadav** (Deptt. of Geography)
- Life Member of NAGI (National Association of Geographers, India)

**Dr. Namo Narayan** (Deptt. of Political Science)
- Life Member of Coomaraswamy Foundation, Lucknow
- Punaruthan Vidyapeeth, Ahmedabad (Gujrat)

**Dr. Niti Kuswaha** (Deptt. of Botany)
- Life member of Indian Society of Genetics and Plant Breeding
- Life member of Range Management Society of India

**Dr. Neeraj Kumar Dwivedi** (Deptt. of Hindi):-
- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad, Prayagraj
- Life Member, Bharat Scout & Guide, Uttar Pradesh

**Ashutosh Gupta** (Deptt. of Zoology):-
- Life Member (LM1755), Biotech Research Society (BRSI), India
- Life Member (3326), Society of Biological Chemists (SBC), Bangalore
- Life Member (L25603), Indian Science Congress Association (ISCA), Kolkata, India
- Life Member (LM/253/14), Association of Carbohydrate Chemist India (ACCTI), India

**Dr. Harsh Kumar Garg** (Deptt. of Chemistry):-
- Life Member of society of technologically advanced material, India, Nagpur
- Life Member of Indian chemical society, Kolkata

**Dr. Ravi Prakash Pandey** (Deptt. of Hindi):-
- Life Member, Bhartiya Hindi Parishad, Prayagraj

**Dr. Praveen Singh** (Deptt. of Chemistry):-
- Life Member of the Indian Society of Analytical Scientists

## Life membership/membership in academic/ non-academic bodies

| Faculty Name | Department | Life Member/ Member in Academic Bodies/Non Academic Bodies | Journal Paper | Etited Books/ Edited Chapter | Orientation/ FIP/Referesher/ Workshop/STP/ FDP |
|---|---|---|---|---|---|
| Dr. Rajesh Chandra Pandey | Hindi | 2 | | | |
| Dr. Ram Pratap Singh | | | 3 | | |
| Dr. Neeraj Kumar Dwivedi | | 2 | 5 | 2 | 1 |
| Dr. Ravi Prakash Pandey | | 1 | | | |
| Dr. Alka Rani Purwar | English | 2 | 2 | 1 | 1 |
| Dr. A.P. Budhauliya | | | | | 1 |
| Dr. Sheelu Sengar | | | 2 | 2 | 1 |
| Dr. Neeta Gupta | | | | | |
| Dr. Surendra Mohan Yadav | | | 3 | | 1 |
| Dr. Varsha Rahul | Economics | | 2 | 2 | 1 |
| Dr. Kripa Shankar Yadav | | | 1 | | 1 |
| Dr. Pankaj Singh | History | | | | 1 |
| Dr. Namo Naryan | Political Science | 2 | | | 2 |
| Dr. Nagma Khanm | | | 1 | 2 | |
| Dr. Sarvesh Kumar Shandilya | Sanskrit | | 2 | 1 | |
| DR. Gaurav Yadav | Geography | 1 | 1 | | 1 |
| Dr. Vijay Vardhan | | | 1 | | |
| Dr. Malikhan Singh | | | 1 | | |
| Mr. Shir Prakash Pandy | Music | | 2 | | 1 |
| Dr. Shravan Kumar Tripathi | Defence | 2 | | | 1 |
| Mr. Nilesh K. Verma | | 2 | | | |
| Dr. Rajesh Paliwal | B.Ed. | 3 | | | 1 |
| Dr. Rashmi Singh | Zoology | | 6 | 3 | 2 |
| Mr. Ashutosh Gupta | | 4 | | | 1 |
| Dr. S.S. Chauhan | Math | 4 | | 2 | |
| Dr. R.K. Gupta | Botany | 5 | | | |
| Dr Vijay Kumar Yadav | | 3 | 2 | | |
| Dr. Neeti Kushwaha | | 2 | 2 | | |
| Dr. Neel Ratan | | | 1 | 1 | |
| Dr. Rajan Bhatia | Physical Education | 2 | 1 | | |
| Dr. Vijay Kumar Chaudhary | Chemistry | 2 | | 1 | |
| Dr. Harsh Kumar Garg | | 2 | 2 | | |
| Dr. Sharat Srivastava | | 3 | | 4 | |

# Departmental Activities




## English Department

The Deportment of English forms a students Association every year to envolve them in various academic and co-curricular activities, English Association for the session 2023-2024 was formed on 26.10.2023. The following students was elected in democratic process to work in official position of the department as students representative under the supervision on the board of Directors.

After the formation of Association Dr. Atul Prakash Bhudhaulia discussed the vision and mission of English Association. H all discussed abokut the variuous programmes which will be corganized during the session. Prof. Alkarani Purwar, Incharge of the Department threws light on the need of participation in co-curricular and expert curricular activities which is the best way for the grooming personality.

As a sequel to the series of the programme essay writing competition 2023 with the title "Technology helps us in preserving information Geneuational Connection helps us is preserving wisdome". and Bhutan in Collabarrtion with Ramchandra Mission is months of September 2023.

The next programme a lecture on lifestyle Disorders' by the English Department on 14.12.2023 under the banner of English Association Prof. Alka Rani Purwar delivered the elluminating lecture on life style disoreders' as majority of people have been sufficent from this issue in moderns trumatiac time. Dr. Atul Prakash Bhudoulia emphaized on six pillars fof life style which in plant based nutrition, physical activity, stress management, wildance of risky substances, restgerative sleep and connections.

Dr. S.M. Yadav introduced aforesaid topic and focused on the wellness of mental and physical health. Research scholar of the Department Miss Pratima Purwar drew attention of the of the student towards career making. The entire programme was successfully convened by Dr. Sheelu Sengar. Finally the voated thanks was given by Dr. Neeta Gutpa.

Another interdepastmental programmed flower shows event (Rest out of waste) was organized on 01 March 2024 in Collaboration with zoology and Botany department under the Aegies of IQAC to explore students creativity towards nature careervation by growing plants in flower pots, made of waste materials.

At the end of the session valedictory of students English Association was held on 03th May 2024. The programme was enagurated by the Principal of the college Prof. Rajesh Chandra Pandey, Prof. Alka rani Purwar IQAC Co-ordinator and Incharge of the English Department the esteemed chairperson. The Principal in his presidential address said that language serves as the powerful source for expressing the individual ideas.




Prof. Alak Rani Purwar in the adorable speach motivated the students by repairing a short story of Renowned painter and soultor pablo Picaso. The Students of M.A. II Sem and M.A. IV Sem shared their views and experiences to the department of English in particular and the college in general. During the programme the certificate of essary writing event wre also distributed to the students by the Principal of the College. Dr. Neeta Gupta made her significant contributino to conduct convened by Dr. Atul Prakash Budhaulia. Dr. S.M. Yadav extended the vote of thanks. The programme as a whole was great success with the huge participation of students.

## राजनीति विज्ञान विभाग

विभागीय परंपरा को कायम रखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परिषद द्वारा स्वर्गीय डॉ. उदय नारायण शुक्ल जी की स्मृति में संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में भारतीय संविधान से संबंधित 50 बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए थे, जिसकी समयावधि 45 मिनट तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का था राजनीतिक विज्ञान परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष करायी जाने वाली संविधान ज्ञान प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संविधान के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उन्हें तैयार करना हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रोशनी, द्वितीय स्थान पर क्रमशः प्रियांशु पटेल, अमित कुमार एवं सत्यम मिश्रा रहे और तृतीय स्थान पर वात्सल पाठक रहे।




संविधान ज्ञान प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में राजनीति विज्ञान परिषद की आयोजन समिति एंव कार्यकारिणी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस श्रंखला का अगला कार्यक्रम ''प्लास्टिक पर्यावरण के लिख्ए खतरा'' विषय पर एक संगोष्ठी की गई, इस गोष्ठी का उद्देश्य छात्रा–छात्राओं को प्लास्टिक से होने वाले खतरे के बारे में जागरूक करना तथा पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना था, गोष्ठी की मुख्य वक्ता डॉ0 नीति कुशवाहा जी ने ''प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरा'' विषय पर प्लास्टिक वैग जीवाश्म ईंधन के रूप में शुरू होने लैंडफिल और समुद्र में घातक अपशिष्ट के रूप में समाप्त होने तक की यात्रा पर प्रकाश डाला, संगोष्ठी में उपस्थित रहे छात्रा–छात्राओं ने मुख्य वक्ता से प्लास्टिक और पर्यावरण के बारे में प्रश्न पूंछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

## भूगोल विभाग




दिनांक 11 जुलाई, 2023 को जनसँख्या दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा "लैंगिक समानता की शक्ति को उजागर करना" विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भूगोल विभाग में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को लैंगिक समानता और जनसँख्या संबंधी चुनौतियों एवं प्रभावों से अवगत कराना था। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. गौरव यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मलिखान सिंह, विभागीय शिक्षक सुश्री स्वेता यादव और श्री विजयवर्द्धन उपस्थित रहे।





बी.ए. पंचम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का अनिवार्य भौगोलिक भ्रमण दिनांक 16.03.2024 को बुन्देलखण्ड क्षेत्र (उ. प्र.) के ललितपुर (देवगढ़ एवं दशावतार मंदिर), तालबेहट (माताटीला बांध) तथा झाँसी जिलों के लिए, एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का अनिवार्य भौगोलिक भ्रमण दिनांक 06.05.2024 से 14.05.2024 तक नैनीताल के निकटवर्ती क्षेत्रों (उत्तराखंड) में, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं का अनिवार्य भौगोलिक भ्रमण/सर्वे कैम्प दिनांक 04.07.2024 से 11.07.2024 तक जयपुर, अजमेर, उदयपुर तथा चित्तौडगढ़ के समीपवर्ती क्षेत्रों (राजस्थान) में महाविद्यालय से प्राचार्य प्रो. राजेश चन्द्र पाण्डेय की अनुमति से किया गया। इन सभी भौगोलिक भ्रमणों का कुशल निर्देशन विभाग प्रभारी डॉ. गौरव यादव, कार्यक्रम संयोजक डॉ. मलिखान सिंह, विभागीय शिक्षक सुश्री श्वेता यादव और श्री विजयवर्द्धन द्वारा सफलतापूर्वक किया।



दिनांक 04 मई, 2024 को भूगोल विभाग और पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में "Impact of Microplastic and Nanoplastic on Human Health" विषय पर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को माइक्रोप्लास्टिक के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. राजेश चन्द्र पाण्डेय, मुख्य वक्ता प्रो. विजय कुमार यादव (वनस्पति विज्ञान विभाग), आई. क्यू. ए. सी. प्रभारी प्रो. अलकारानी पुरवार, पर्यावरण समिति प्रभारी डॉ. नमो नारायण, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ. गौरव यादव, रक्षा अध्ययन विभाग प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक श्री विजयवर्द्धन, कार्यक्रम संचालक डॉ. मलिखान सिंह, सुश्री श्वेता यादव तथा छात्र/छात्राओं की सराहनीय उपस्थिति रही।



## अर्थशास्त्र विभाग

दिनांक 21.11.2023 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबन्ध प्रतियोगिता का मुख्य विषय निम्नलिखित है– 1. मेरा भारत विकसित भारत /1947 2. नीति आयोग। दिनांक 08.11.2023 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में एक अन्तर्विभागीय व्याख्यान के अन्तर्गत प्रो0 एडम स्मिथ के जीवन परिचय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र–छात्राओं को क्रमशः विजेता एंव उपविजेता घोषित किया गया। दिनांक 06.01.2024 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में छात्रहित को देखते हुये एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण'' रखा गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ0 नगमा खानम, डॅा0 पंकज सिंह, व डॉ0 रवि प्रकाश पाण्डेय ने भूमिका निभाई।

# संस्कृत विभाग





एकदिवसीय संगोष्ठी उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं IQAC, संस्कृत विभाग, दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई, जालौन उ0प्र0 के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 18 मार्च 2024 को किया गया। संरक्षक के रूप में निदेशक, उ0प्र0 संस्कृत संस्थान, अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य प्रो. राजेश चन्द्र पाण्डेय, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शालिग्राम शास्त्री, मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. बलभद्र त्रिपाठी निदेशक, संस्कृत शोधपीठ, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी, असि. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग, भारतीय महाविद्यालय फर्रुखाबाद, संगोष्ठी संयोजक डॉ. रत्नेश त्रिवेदी, सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. टी.आर. निरंजन, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. शिवसंपत् द्विवेदी, संस्कृत भारती जालौन के महामंत्री श्यामसुन्दर शर्मा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. अलकारानी पुरवार, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ0 गौरव यादव, रिपोर्टियर डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नमो नारायण एवं संगोष्ठी सचिव एवं संचालक संस्कृत विभाग के प्रभारी डॉ० सर्वेश कुमार शाण्डिल्य आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी ''आधुनिक संस्कृत साहित्य : वर्तमान परिदृश्य एवं सम्भावनायें'' इस विषय पर आयोजित हुई।



संस्कृत–सप्ताहः'' दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई में संस्कृत विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में 01 सितम्बर 2023 शुक्रवार को ''संस्कृत सप्ताह'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय, आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. पूर्णेन्द्र मिश्र, गांधी महाविद्यालय के असि. प्रो० डॉ. शिवसम्पत् द्विवेदी, डॉ. मोनू कुमार मिश्र, रा.इं.कॉलेज सैदनगर के अध्यापक डॉ० श्यामसुन्दर शर्मा, कॉलेज के मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ० गौरव यादव, नैक संयोजक डॉ. शैलजा गुप्ता, आइक्यूएसी प्रभारी डॉ अलकारानी पुरवार, डॉ० सर्वेश कुमार शाण्डिल्य आदि की उपस्थिति में दीप प्रज्वालन एवं सरस्वती वन्दना से किया गया।



23वीं श्रीमद् भगवद्गीता राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी दिनांक 25 नवम्बर 2023 संस्कृत विभाग, दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई, जालौन, एवं संस्कृत विभाग, प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय' प्रयागराज, चातुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थानम् काशी, उ0प्र0 इन तीनों संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में '23वीं श्रीमद्भागवद्गीता राष्ट्रिय व्याख्यान गोष्ठी' का आयोजन दिनांक 23 नवम्बर 2023 को शाम 6:00 बजे से 8.30 तक ऑनलाइन माध्यम से हुआ। राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी में Zoom ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एवं 'विश्वसंस्कृतकुटुम्बम्' इस फेसबुक लाइव पटल के माध्यम से 150 से ज्यादा सुधी एवं गीतारसामृत का पान करने वाले लोग जुड़े। राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी में मुख्यवक्ता संस्कृत साहित्य के आधुनिक कवियों में अग्रगण्य प्रो0 रहसबिहारी द्विवेदी, समन्वयक प्राचार्य प्रो० (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय, संयोजक डॉ० चन्द्रकान्त दत्त शुक्ल और सहसंयोजक एवं संचालक संस्कृत विभाग के प्रभारी डॉ० सर्वेश कुमार शाण्डिल्य आदि उपस्थित रहे।

# रक्षा एवं स्रातेजिक अध्ययन विभाग








दिनांक 26 जुलाई 2023 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा "कारगिल विजय दिवस की गौरवगाथा" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी दयानन्द सरस्वती सेमिनार हाल में किया गया । इस भाषण प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को 26 जुलाई 1999 के कारगिल संघर्ष में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत की गौरवशाली गाथा से अवगत कराना था। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश चंद्र पाण्डेय, मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार यादव तथा निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. अलकारानी पुरवार, डॉ. रामप्रताप सिंह, डॉ. माधुरी रावत उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में संजना कुलश्रेष्ठ, पारुल सिंह एवं ईशा तिवारी विजेता रहे।

दिनांक 04 नवंबर 2023 को भारतीय नौसेना दिवस के अवसर विभाग ने क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी दयानन्द सरस्वती सेमिनार हाल में किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय समुद्री सीमा की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश चंद्र पाण्डेय, निर्णायक मण्डल के रूप में डॉ. ऋचा सिंह राठौर (गाँधी महाविद्यालय, उरई), श्री ज्ञानेन्द्र कुमार (बाबा बरुआ दास पी.जी. कॉलेज, अंबेडकर नगर) एवं डॉ. गौरव यादव (मुख्य अनु. अधि.) उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता पाँच टीमों के मध्य हुई जिसमे टीम– । विजेता रही।

दिनांक 16 मार्च 2024 को विभाग द्वारा बी.ए. पंचम सेमेस्टर के 30 विद्यार्थियों तथा शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर समूह झांसी स्थित कैन्टोमेंट गया था सेना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण, हथियार आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त करना था। दिनांक 16 दिसंबर 2023 को विभाग ने एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में विषय की पृष्ठभूमि, अवधारणा, उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर सम्पूर्ण जानकारी देना था

# इतिहास विभाग










इतिहास विभाग के एम० ए० प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु दिनांक 08 दिसम्बर 2023 को ओरछा (म०प्र०) ले जाया गया, जिसमें 52 छात्र/छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। दिनांक 13 अप्रैल 2024 को इतिहास सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एम० ए० (द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर) के 34 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दिनांक 18 अप्रैल 2024 को बी.ए. (द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठम सेमेस्टर) के छात्र/छात्राओं ने इतिहास सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सक्रिय सहभागिता की, जिसमें 25 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। दिनांक 04 मई 2024 को विभाग द्वारा एक व्याख्यान 'मध्यकालीन युग में महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रो० मंजू जौहरी (पूर्व विभाग प्रभारी, डी. वी. कॉलेज उरई) ने सहभाग किया। विभाग के तीन छात्राओं खुशबू, ज्योति श्रीवास्तव, शिवम मिश्रा ने UGC-NET उत्तीर्ण कर विभाग का गौरव बढ़ाया।





## शिक्षक-शिक्षा विभाग

बी0एड0 प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम (Orientation Programme) दिनांक 31/10/2023 से 04/11/2023 तक सम्पन्न हुआ। इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस का उद्घाटन सत्र प्राचार्य, प्रो0 (डॉ0) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी के आशीर्वचनो से प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न दिवसों में व्याख्यान आयोजित किये गये। इसमें डॉ0 सर्वेश कुमार शांडिल्य का वर्तमान सन्दर्भ में संस्कृत साहित्य, प्रभारी शिक्षक–शिक्षा विभाग का समय प्रबन्धन का महत्व, डॉ0 राजेश पालीवाल का अपने आप को कैसे सुधारें, डॉ0 नमो नारायण द्वारा जेण्डर समानता, डॉ0 बिजेन्द्र कुमार का ई0पी0सी0 का संकल्पना एवं बी0एड0 के बाद कैरियर, IQAC संयोजक डॉ0 अलकारानी पुरवार का साहित्य एवं जीवन, डॉ0 विजय कुमार यादव का पर्यावरण का दीर्घकालिक विकास, डॉ0 विजय कुमार चौधरी का ग्रीन कैमिस्ट्री, डॉ0 जितेन्द्र प्रताप का कोआपरेटिव लर्निंग, सुश्री शुभप्रिया पाल का अपने अन्दर मनौविज्ञानिक क्षमता का आंकलन करने जैसे विषयों पर परिचर्चा हुई। 28 फरवरी 2024 को शिक्षक शिक्षा विभाग एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान दिवस बी0एड0 हॉल में मनाया गया।

विभाग की ओर से दिनांक 13/03/2024 को आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने वेस्ट मैटेरियल से कई प्रकार की वस्तुओं का सृजन किया। इसमें छात्र/छात्राओं ने लैम्प, मोबाईल एवं पैन स्टैण्ड, फ्लावर पेंटिग/बाल पेंटिग, बाटल क्राफ्ट आदि वस्तुओं का निर्माण किया। उमंग उत्सव 2024 के तहत सेमिनार हॉल में रंगारंग कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा विविधता से परिपूर्ण प्रस्तुतियाँ दी गई।

विभाग का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण दिनांक 06 अप्रैल 2024 को प्रातः 06 बजे महाविद्यालय के मुख्य द्वार से चित्रकूट के लिए प्रस्थान किया। यात्रा के 03 घण्टे 30 मिनट के बाद भ्रमण के प्रथम चरण में हम सभी ने भरत कूप के जल का पान किया एवं मन्दिर का दर्शन किया इसके बाद रामघाट पर गोस्वामी तुलसीदास मन्दिर एवं मत्य गजेन्द्र नाथ मन्दिर के दर्शन किये तत्पश्चात विभिन्न टैक्सियों में बैठकर जानकीकुण्ड, स्फटिक शिला, सती अनुसुईया आश्रम, गुप्त गोदावरी आदि ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों के दर्शन किये और गुप्त गोदावरी में दोपहर का भोजन किया। तत्पश्चात सभी यात्रियों ने कामदगिरि की परिक्रमा की। अन्त में पुनः रामघाट पहुँचकर बस से रात्रि 11 बजकर 30 मिनट पर महाविद्यालय अविस्मणीय यादों के साथ वापिस आ गए। इस यात्रा में विभाग प्रभारी प्रो0 शैलजा गुप्ता, डॉ0 राजेश पालीवाल,डॉ0 जितेन्द्र प्रताप, श्री चन्दन सिंह, डॉ0 रामजी समाधिया एवं छात्र–छात्रायें सम्मिलित रहे।





# वनस्पति विज्ञान विभाग




दिनांक 18/09/2023 को वनस्पति विज्ञान परिषद द्वारा वनस्पति विज्ञान विभाग में Welcome and Farewell Party का आयोजन किया गया जिसमें एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर (वनस्पति विज्ञान) के छात्राओं द्वारा नवागांतुक विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान माला के अन्तर्गत दिनांक 04/10/2023 को "Plants for Human welfare" विषय पर एक कार्यक्रम का आयेजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो0 टी0 के0 शर्मा (प्राचार्य विपिन बिहारी डिग्री कालेज,झासी) ने पौधों की जीवन के हर क्षेत्र में भूमिका एवं वृक्षारोपण और वृक्ष संरक्ष्ण के महत्व पर एक सारगर्भित व्याख्याान दिया।

पर्यावरण में बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरुक करने के उददेश्य से विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 13/01/2024 को प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) राजेश चन्द्र पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग प्रभारी डॉ0 राम किशोर गुप्ता ने की। मुख्यवक्ता एवं वनस्पति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष डॉ0 विजय कुमार यादव ने "Nano and Micro Plastic Pollution" विषय पर व्याख्यान दिया। Lecturer Series के क्रम में World Wetland Day (02 फरवरी 2024) के अवसर पर Botanical Society द्वारा एक Online Lecture का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो0 वी0के0 यादव ने Wetland के पर्यावारण संरक्षण में महत्व पर एक सारगर्भित व्याख्यान दिया।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 18/02/2024 के अवसर पर वनस्पति विज्ञान द्वारा शिक्षक–शिक्षा विभाग एवं IQAC के सहयोग से एक संगोष्ठी का अयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में प्राचार्य प्रो0 राजेश चन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ0 विजय कुमार यादव ने विज्ञान में हो रहे परिवर्तन के महत्व पर वक्तव्य दिया। डॉ0 आशुतोष गुप्ता ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम "Indigenous Technologies for viksit Bharat" से सम्बन्धित जानकारी दी।

महाविद्यालय की IQAC के तत्वाधन में वनस्पति विज्ञान विभाग, जन्तु विज्ञान विभाग और अंग्रेजी विभाग द्वारा Best out of Waste थीम पर एक Flower Show Event प्रतियोगिता का आयेजन किया गया।

"International Day of Action for Rivers" का आयोजन दिनांक 14 मार्च 2024 को Botanical Society द्वारा किया गया वर्ष 2024 की थीम Water for all थी, जिस पर प्राचार्य प्रो0 राजेश चन्द्र पाण्डेय मुख्य वक्ता डॉ0 प्रवीण कुमार विपिन बिहारी कालेज झांसी, डॉ0 वी0के0 यादव, डॉ0 रामकिशोर गुप्ता एवं डॉ0 अलकारानी पुरवार ने उदबोघन देते हुये नदियों एवं जल संरक्षण के महत्व को समझाया।

# जन्तु विज्ञान



सत्र के प्रारम्भ में ही उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस की पूर्व संध्या 28/07/2023 को जन्तु विज्ञान विभाग में बी0एस–सी0 व एम0एस–सी0 के विद्यार्थियों को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को भाषण व पोस्टर के माध्यम से व्यक्त किया। अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राजेश चन्द्र पाण्डेय ने अपने उद्‌बोधन में बाघ प्रजाति को बचाने के लिए विभिन्न बाघ संरक्षण योजनाओं के बारे में बताया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय कार्यक्रम संयोजक डॉ० राजेश पालीवाल व जन्तु विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर साथी उपस्थित रहे।



## रसायन विज्ञान विभाग



दिनांक 22 मार्च 2024 को रसायन विज्ञान विभाग में 'विश्व जल दिवस' कार्यक्रम आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विभाग के प्रभारी, शिक्षकों एव कर्मचारियों ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर पूजन किया। कार्यक्रम में विभाग के परस्नातक छात्र सिद्धार्थ द्विवेदी ने जल संरक्षण के लिये कवितापरक पंक्तियां प्रस्तुत की।



आज दिनांक 28/02/2024 को रसायन विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ० विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकगण डॉ० ज्ञानेन्द्र मोहन बसेड़िया, डॉ० हर्ष कुमार गर्ग, डॉ० शरत श्रीवास्तव एवं छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की।




## हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग 30 नवम्बर 2023 को हिन्दी विभाग द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता 'भूमण्डलीकरण और भारतीय समाज' विषय पर आयोजित की गई। इस निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.ए. (हिन्दी) वैष्णवी पाण्डेय ने प्राप्त किया। दिनांक 12–12–2023 को हिन्दी विभाग के तत्वावधान में हिन्दी विभाग के डॉ नीरज कुमार द्विवेदी द्वारा 'मक्तिकाल और तुलसीदास का साहित्य' विषय पर एक व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के छात्र–छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से सहभाग किया। इसी क्रम में 19 दिसम्बर 2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के तत्वाधान में हिन्दी व संस्कृत विभाग ने संयुक्त रुप से 'गोवा मुक्ति दिवस' का आयोजन किया। 3 अप्रैल 2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के तत्वावधान में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 'हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर किया गया। वर्ष भर हिन्दी विभाग द्वारा प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन के उपरान्त दिनांक 22.04.2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के समापन समारोह आयोजित हुआ। विशेष उपलब्धि के रूप में सत्र–2023–24 में एम. ए. (हिन्दी) चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा वैष्णवी पाण्डेय ने नेट/जे.आर.एफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग को गौरवान्वित किया।





# शारीरक शिक्षा विभाग



**Repot of Games and Sports 2023-24**

**Annual Sports report of the year 2023-24**

Kabaddi, Badminton, Chess and cricket matches were conducted among the teams of different departments in the college. 250 students took part in various events in men and women categories.

In Kabaddi championship final match was played between Rani Lakshmi bai Team and Virangana Awanti bai Team. Final match was won by Rani Lakshmi bai Team which was captained by Anshika of B. Sc. II sem. Where as Captain of Team Awanti Bai was Anamika of B. A. IV Sem.

Cricket matches for Men category was conducted in which final match was played between Team A and Team B in which Team B captained by Ayush Tiwari won the match.

Badminton Championship was conducted for Women category in which final match was played between Anamika of BA IV Sem and Ankita of B A II Sem. Which was won by Ankita of BA II Sem.

**Inter-Collegiate Participation**

In the Year 2023-24 Our college participated in the following games and sports Bundelkhand University.

1. Kabaddi Men Inter-Collegiate Championship 2023-24 held at BKD College, Jhansi.
2. Kabaddi Women Inter-Collegiate Championship 2023-24 held at Ram Manohar Lohia Mahavidyalaya, Banda.
3. Cricket Men Inter-Collegiate Championship 2023-24 held at Tikaram Mahavidyalaya, Moth
4. Karate Men Inter-Collegiate Championship 2023-24 held at B U Campus, Jhansi.
5. Chess Men Inter-Collegiate Championship 2023-24 held at B U Campus, Jhansi.
6. Athletics Men and Women Inter-Collegiate 2023-24 held at DVC, Orai.

Medal Won by our Students in Bundelkhand Inter-Collegiate Athletics Championship 2023-24 Sl. No. Name Event Place 01 Shradha Mishra 200 m 2nd 02 Riya Devi 10000 m 3rd 03 Anjali Verma Long Jump 2nd 04 Anupriya Hammer Throw 2nd 05 Amit Kumar Singh 100 m 2nd 06 Amit Kumar Singh 200 m 1st 07 Deepak 400 m 1st 08 Deepak 800 m 1st 09 Satyam Pal 20000 m Walk 1st 10 Jitendra Kumar Long Jump 3rd 11 Deepak Triple Jump 2nd 12 Rudra Pratap Singh High Jump 1st






# गणित विभाग

दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय गतिण दिवस गणित विभाग में मनाया गया। यह कार्यक्रम विभाग प्रभारी डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 हरीश श्रीवास्तव ने किया एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय से अवगत कराया। इस कार्यक्रम में बी.एससी एवं एम.एससी. के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। एम.एससी. के छात्रा अंशुल गुप्ता ने में रामानुजन के योगदान का वर्णन किया। एम.एससी. की छात्राा कु0 अंजली ने रामानुजन द्वारा में किये शोध एंव योगदान का वर्णन किया। एम.एससी के छात्रा राहुल ने रामानुजन द्वारा में किये गये शोध के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त कई छात्रा/छात्राओं ने भी रामानुजन के में किये गये शोध कार्यों पर अपने–अपने विचार प्रकट किये।

अन्त में डॉ0 सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन ने गणित विषय में  पर सराहनीय शोध कार्य किये। डॉ0 चौहान ने बताया कि रामानुजन ने नम्बर 1729 को हार्डी मेजिक नम्बर से संज्ञा दी। नम्बर 1729 दो घनों के योग के रूप में दो अलग–अलग तरीकों से व्यक्त की जाने वाली सबसे छोटी संख्या है। इस महान गणितज्ञ के लगभग 3900 शोध पत्रा संकलित किये गये। इस महान गणितज्ञ द्वारा गणित की समस्याओं के हल में दिये गये है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

दिनांक 23/12/2023 को दयानंद वैदिक कॉलेज, उरई के सेमिनार हॉल में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग, उरई के अधिकारी श्री विनय कुमार पांडे जी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश चंद्र पांडे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 वर्षा राहुल, डॉ0 सैयद नफीसूल हसन, डॉ0 श्वेता यादव, डॉ0 मनोज कुमार गुप्ता सहित कई शिक्षक साथी डॉ0 नगमा खानम, डॉ0 नीता गुप्ता, डॉ0 सुरेंद्र मोहन यादव, डॉ0 सुरेंद्र यादव डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जन जन तक जागरूकता लाने हेतु सड़क माह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

दयानंद वैदिक कॉलेज, उरई के राष्ट्रीय सेवा योजना के जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 12.1.2024 में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के सेमिनार हॉल में उपस्थित सभी छात्रों के समक्ष स्वामी विवेकानंद जी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सदर विधायक श्री गौरी शंकर वर्मा जी के समक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स ने माननीय मोदी जी के 'मन की बात' सुनी तथा विवेकानंद जी पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया।

दिनांक 11 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम समापन दिवस का शुभारंभ दयानंद वैदिक कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश चंद्र पाण्डेय, महाविद्यालय की आइ.क्यू.ए.सी. टीम की अध्यक्ष डॉ. अलकारानी पुरवार, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. गौरव यादव, प्रो. विजय यादव, डॉ. आर. के. पहारिया, डॉ. शैलजा गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में होली पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।























दिनांक 21.11.2023 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबन्ध प्रतियोगिता का मुख्य विषय निम्नलिखित है– 1. मेरा भारत विकसित भारत /1947 2. नीति आयोग। दिनांक 08.11.2023 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में एक अन्तर्विभागीय व्याख्यान के अन्तर्गत प्रो0 एडम स्मिथ के जीवन परिचय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र–छात्राओं को क्रमशः विजेता एंव उपविजेता घोषित किया गया। दिनांक 06.01.2024 को अर्थशास्त्र परिषद तथा महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में छात्रहित को देखते हुये एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ''सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण'' रखा गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ0 नगमा खानम, डॉ0 पंकज सिंह, व डॉ0 रवि प्रकाश पाण्डेय ने भूमिका निभाई।





## रोवर एवं रेंजर



दिनांक 04 नवम्बर 2023 को कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के आदेश के क्रम में बुन्देलखण्ड कॉलेज, झांसी में आयोजित "हिन्दी स्वराज यात्रा" में रोवर ने महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के साथ सहभागिता किया।



दिनांक 20 दिसंबर 2023 को मुख्य परिसर में रोवर क्रू एवं रेंजर टीम का एक दिवसीय कैंप आयोजित किया गया जिसमें रोवर/रेंजर के महत्व एवं उसके इतिहास की विधिवत जानकारी संयोजक डॉ श्रवण कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी ने दी। रेंजर लीडर डॉ. शीलू सेंगर ने कैरियर में रोवरिंग/रेंजरिंग की उपयोगिता एवं महत्व पर चर्चा की।

दिनांक 29 फरवरी से 02 मार्च 2024 को बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झांसी में आयोजित में आयोजित बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय अंतर्महाविद्यालयीय रोवर/ रेंजर समागम में कॉलेज के 10 रोवर ने सहभागिता कर विभिन्न कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झांसी में दिनांक 02 से 08 मार्च 2024 को आयोजित एडवांस रोवर लीडर कोर्स में डॉ. नीरज कुमार द्विवेदी तथा बेसिक रेंजर लीडर कोर्स में डॉ. शीलू सेंगर एवं सुश्री शुभ प्रिया पाल ने सहभागिता कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। दिनांक 18 से 22 मार्च 2024 के मध्य महाविद्यालय के टी० टी०हॉल में रोवर–रेंजर के प्रवेश हेतु तीन दिवसीय एवं निपुण हेतु पांच दिवसीय जाँच एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रभक्ति गीत, लोकगीत, लोकनृत्य एवं नाटक आदि प्रमुख रहे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से रोवर–रेंजर ने एकता, अनुशासन एवं सद्भाव का संदेश दिया।

## परिसर में पर्यावरणीय गतिविधियां

महाविद्यालय की पर्यावरण समिति के द्वारा महाविद्यालय की हरितिमा हेतु अप्रतिम प्रयास किया जा रहा है। सत्रा 2023–24 में पर्यावरण समिति के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ–साथ उन वृक्षों को बचाने पर फोकस किया गया जो पहले से रोपित थे। उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में वृहत वृक्षारोपण अभियान के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य जी के निर्देशन में परिसर व परिसर के बाहर शासन द्वरा निर्धारित तिथि 22 जुलाई 2024 को 85 प्रतिशत पौधों का वृक्षारोपण का कार्य कराया गया तथा शेष 15 प्रतिशत पौधों का रोपण 15 अगस्त को कराया गया। दिनांक 20.07.2023 को पर्यावरण समिति की बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लेकर महाविद्यालय परिसर के अंदर लगे पौधों के रखरखाव के लिए एक खड़े गुम्मे के सीमेंटेड घेरा बनाए जाने का निर्णय लिया गया। परिसर के बाहर के 10 पौधों के चारो तरफ सीमेंटेड बनाया जा चुका है। महाविद्यालय के प्राचार्य के निर्देशन में यह पुनीत कार्य प्राचार्य जी व शिक्षक साथियों के द्वारा की गई चैरिटी से संभव हो पाया है।

दिनांक 10 जून 2024 को पर्यावरण समिति की बैठक में महाविद्यालय के ग्रीन ऑडिट, ग्राउंड वॉटर हार्वेस्टिंग आदि पर चर्चा हुई और उक्त को कराने के लिए सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया। 04 मई 2024 को नेनोप्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव विषयच पर वनस्पति विज्ञान के प्रो० वी.के. यादव का व्याख्यान आयोजित किया गया।

पर्यावरण समिति आगामी सत्रा में महाविद्यालय परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पेड़ों की पत्तियाँ, घास आदि से जैव उर्वरक तैयार करने के लक्ष्य को पूरा करेगी। साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को परिसर में रोपित पौधों को गोद लेने हेतु प्रेंरित करेगी ताकि उनमें पर्यावरण ाके प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव जाग ृत हो सके। महाविद्यालय की पर्यावरण समिति छात्रा–छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उनकी सहभागिता से महाविद्यालय की हरीतिमा के लिए दृढ़ संकल्पित है। पर्यावरण समिति आगामी सत्रा में महाविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को परिसर में रोपित पौधों को गोद लेने हेतु प्रेरित करेगी ताकि उनमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी भाव जागृत हो सके।

## समारोह समिति एक दृष्टि में...

❈ विश्व स्तनपान दिवस दिनांक 07 अगस्त 2023 को दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई के वीमेन सेल के अंतर्गत मनोविज्ञान विभाग में विश्व स्तनपान सप्ताह (01 से 07 अगस्त) के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित IQAC संयोजिका डॉ0 अलकारानी पुरवार ने कहा कि शिशु के प्रारंभिक शारीरिक विकास के लिए मां का दूध बहुत ही महत्वपूर्ण है। डॉ. शैलजा गुप्ता ने स्तनपान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्तनपान से शिशु का केवल शारीरिक ही नही अपितु मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। मां के दूध में एंटीबॉडी एवम् इम्यून फैक्टर्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो नवजात के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ0 वर्षा राहुल ने बताया कि आधुनिकता के मोहपाश में रहते हुए माएँ स्तनपान नहीं करातीं, जबकि वो यह नहीं जानती कि भविष्य में इसके कौन–कौन से दुष्परिणाम झेलने पड़ते है, स्तन कैंसर इसका एक जीवंत उदाहरण है। डॉ. नीता गुप्ता ने कहा कि स्तनपान से मां और बच्चों की बीच भावनात्मक सम्बंध मजबूत होते है। डॉ. शीलू सेंगर ने मां के दूध को शिशु के लिए अमृत के समान बताया। वीमैन सेल प्रभारी डॉ0 माधुरी रावत ने इस संगोष्ठी का संचालन किया।

❈ मेरी माटी मेरा देश – उत्तर प्रदेश शासन के सूचना अनुभाग 2 एवं 3 से प्राप्त निर्देशों के क्रम में महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव का समापन समारोह 9 से 15 अगस्त 2023 तक सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम 9 अगस्त को महाविद्यालय में 'पंचप्रण' का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०(डॉ०) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी ने शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंग से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता, नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ दिलाई।

❈ राष्ट्रीय खेल दिवस –28, अगस्त 2023 राष्ट्रीय खेल दिवस प्रतिवर्ष 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र–छात्राओं ने शारीरिक एवं खेल गतिविधियों में प्रतिदिन भाग लेने की शपथ ली, तथा यह भी शपथ ली कि वे इसे अपने पारिवारिक जनों मित्रों को भी स्वस्थ जीवनयापन हेतु प्रेरित करेगें तथा एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का प्रयास करेंगे।

❈ दिनांक 29 सितम्बर 2023 दयानन्द वैदिक कॉलेज उरई में प्रथम बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के सदस्यों एवं छात्र–छात्राओं ने रक्तकोष, जिला पुरुष चिकित्सालय, उरई जालौन को प्रतिव्यक्ति एक यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राजेश चन्द्र पाण्डेय के साथ डॉ. रामप्रताप सिंह, डॉ. राजेश पालीवाल, डॉ. गौरव यादव, डॉ. श्रवण त्रिपाठी, डॉ. विजेन्द्र कुमार, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. विजयवर्धन, डॉ. मलिखान सिंह, श्री मनीष कुमार, श्री उमेश यादव ने रक्तदान किया। उल्लेखनीय रूप से एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स–रेंजर्स के छात्र–छात्राओं ने अत्यन्त उत्साहपूर्वक रक्तदान किया ।






❈ दयानन्द वैदिक कॉलेज में 02 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री ,वं लालबहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के उपलक्ष्य में अत्यन्त हर्ष एवं उल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।
सर्वप्रथम कॉलेज के प्रांगण में प्रबन्धकारिणी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप सेठ, अवैतनिक मन्त्री डॉ. देवेन्द्र कुमार, सदस्य श्री अजीत खरे एवं प्राचार्य प्रो. (डॉ0) राजेश चन्द्र पाण्डेय के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। झण्डारोहण के बाद अतिथियों के द्वारा कॉलेज में वृक्षारोपण कार्य सम्पन्न कराया गया।

❈ आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन इकाई (IQAC) एवं ISKCON के संयुक्त तत्वाधान में डी0वी0 कालेज, उरई में कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन श्री माधव आचार्य जी ने अपने भाषण की शुरुआत सरल प्रश्नों से की। छात्रों ने प्रश्नों का अपने–अपने दृष्टिकोण से जवाब दिया।

❈ दिनांक 23 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में गायत्री कुँज पीठ, हरिद्वार से आए हुए अतिथि महोदय श्री रवीन्द्र तिवारी द्वारा बौद्धिक एवं शारीरिक विकास द्वारा मानवीय मूल्यों की उपलब्धि विषय पर एक सारगर्भित भाषण सुनने का सुअवसर प्राप्त हुआ। वक्तव्य के प्रारम्भ में अतिथि महोदय ने बताया कि वो लगभग 70 वर्ष के हैं और फिर उन्होंने तीव्र गति से अनुलोम–विलोम की क्रिया का प्रयोग करके दिखाया।

❊ सेमीकंडक्टर परियोजना –13 मार्च 2024 को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में सेमीकंडक्टर परियोजनाओं के शिलान्यास का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। प्रसारण से पूर्व कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 राजेश चन्द्र पाण्डेय जी ने सम्बोधित किया। उन्होंने विकसित भारत के लिये सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ0 राजेश पालीवाल ने विभिन्न व्यवसायों में सेमीकंडक्टर के महत्व को बताया। प्रधानमंत्री जी ने गुजरात के धौलेरा एवं साणंद, आसाम के मोरेगांव में सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिये आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने पूरे देश के युवाओं को ऑनलाईन संबोधित किया।

❊ 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को महाविद्यालय में उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एव शिक्षणेत्तर कर्मचारियों छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ महाविद्यालय के सेमिनार हॉल एवं प्रागंण में प्राचार्य प्रो. (डॉ०) राजेश चन्द्र पाण्डेय जी ने दिलवाई। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में महाविद्यालय के प्रांगण में 'Run for Unity' का आयोजन किया गया।

❊ दिनांक 26 जनवरी 2024 को दयानंद वैदिक महाविद्यालय के प्रांगण में 75 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया सर्वप्रथम मंच से समस्त अतिथियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप सेठ के नेतृत्व में उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया।

❊ 14 मार्च 2024 को महाविद्यालय में 'ड्रग्स रहित भारत' कार्यक्रम के अन्तर्गत आर्ट ऑफ लिविंग के सहसमन्वयक श्री राजकुमार शर्मा जी की उपस्थिति में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में ड्रग्स के प्रति चेतना जाग्रत करना था।



❊ योग एंव मेडिटेशन दयानन्द वैदिक कॉलेज, उरई के योग एंव मेडिटेशन समिति के द्वारा सत्र 2023–24 में योग सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये जैसे कॅलेज के ग्राउन्ड में सामूहिक योग का आयोजन, सेमिनार हॉल में योग सम्बन्धित महत्ता को बताना, इस हेतु जागरूकता फैलाना, योग मुद्राओं के बारे में समझाना एंव प्रत्यक्ष रूप में विद्यार्थियों को अभ्यस्थ कराना। इस हेतु गेस्ट लैक्चर को आमंत्रित करके ध्यान को अपने जीवन में उतारने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित करना, शासन के द्वारा प्रस्तावित योग सप्ताह कार्यक्रम को नियमानुसार प्रत्येक दिन उत्साह के साथ मनाना आदि पर केन्द्रित कार्यक्रम संचालित होते रहते हैं।



❊ हिन्दी विभाग 30 नवम्बर 2023 को हिन्दी विभाग द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता 'भूमण्डलीकरण और भारतीय समाज' विषय पर आयोजित की गई। इस निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.ए. (हिन्दी) वैष्णवी पाण्डेय ने प्राप्त किया। दिनांक 12–12–2023 को हिन्दी विभाग के तत्वावधान में हिन्दी विभाग के डॉ नीरज कुमार द्विवेदी द्वारा 'भक्तिकाल और तुलसीदास का साहित्य' विषय पर एक व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के छात्र–छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से सहभाग किया। इसी क्रम में 19 दिसम्बर 2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के तत्वावधान में हिन्दी व संस्कृत विभाग ने संयुक्त रुप से 'गोवा मुक्ति दिवस' का आयोजन किया। 3 अप्रैल 2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के तत्वावधान में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 'हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर किया गया। वर्ष भर हिन्दी विभाग द्वारा प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन के उपरान्त दिनांक 22.04.2023 को हिन्दी साहित्य परिषद के समापन समारोह आयोजित हुआ। विशेष उपलब्धि के रूप में सत्र–2023–24 में एम. ए. (हिन्दी) चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा वैष्णवी पाण्डेय ने नेट/जे.आर.एफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग को गौरवान्वित किया।

# प्रिण्ट मीडिया से...

## नौ छात्र–छात्राओं ने पास की नेट व जेआरएफ की परीक्षा



नेट एवं जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा वैष्णवी पांडेय को बधाई देते डीवी कॉलेज के प्राचार्य व अन्य। स्रोत: कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

उरई। दयानंद वैदिक कॉलेज के परास्नातक कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) जून 2024 में विभिन्न विषयों के नौ विद्यार्थियों ने नेट एवं जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा उत्तीर्ण की है।

हिंदी विषय से वैष्णवी पांडेय और ज्योति गुप्ता ने नेट के साथ जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण की। राजनीति विज्ञान से अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने नेट परीक्षा और साथ ही भूगोल विषय से साक्षी पटेल, सचिन कुमार और साक्षी देवी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की। संगीत विषय से सत्यम अवस्थी ने नेट परीक्षा पास की। इतिहास से ऋषभ व ईशु राव ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की।

हिंदी विभाग की छात्रा वैष्णवी पांडेय ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक लाकर उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.राजेश चंद्र पांडेय ने शोधकार्य के लिए शुभकामनाएं दी। (संवाद)

amarujala.com अमर उजाला युवा Youth कानपुर | शुक्रवार, 6 दिसंबर 2024 5

## ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

### इंफोसिस संस्था दिला रही डीवी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

उरई। दयानंद वैदिक महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) व प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने विषय पर बीस दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन इंफोसिस संस्था कर रही है।

प्रशिक्षक शिवम कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शैक्षिक के अलावा बौद्धिक और तकनीकी भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से भी समझने को प्रेरित किया जा रहा है।

ग्रुप डिस्कशन के दौरान एमएससी की छात्रा प्राची शिवहरे एवं उनकी टीम ने ग्रीन हाउस प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया कि ग्रीनहाउस प्रभाव वह प्रक्रिया है जो पृथ्वी पर मानव के लिए लाभदायक एवं हानिकारक दोनों रूपों में कार्य करती है। इसके द्वारा सूर्य से आने वाली विकिरणें ग्रीनहाउस गैसों द्वारा अवशोषित कर ली जाती हैं और वापस अंतरिक्ष में परावर्तित नहीं होती हैं। यह पृथ्वी की सतह को जीवन अनुकूल बनाते हुए इसे जमने से रोकता है।

इसके अलावा अंकिता गोस्वामी, कल्पना यादव एवं नैना शर्मा ने बेरोजगारी एवं शिक्षा की जागरूकता पर प्रस्तुति दी। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हर्ष कुमार गर्ग, डॉ. अंगद सिंह कुशवाहा, डॉ. शरत श्रीवास्तव, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. नीति कुशवाहा, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।




कौशल विकास प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते प्रशिक्षक शिवम कुमार। संवाद

### कॅरिअर को लेकर अभी से शुरू कर दें तैयारीः डीआईओएस

उरई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पिपरायां में कॅरिअर गाइडेंस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व डीआईओएस मुन्नीलाल वर्मा ने कहा कि कॅरिअर को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दें। लगातार आगे बढ़ने का प्रयास करें।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक रुद्र तिवारी ने कहा कि कॅरिअर को लेकर मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए। आटा संकुल शिक्षक भानुप्रकाश, प्राइमरी स्कूल के प्रधानाध्यापक दीपक द्विवेदी ने भी कॅरिअर को लेकर मार्गदर्शन किया और साइबर क्राइम से बचने की नसीहत दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. साबी मिश्रा व हरिओम अग्रवाल ने किया। इस दौरान डॉ. सुनीता वर्मा, शालिनी, मंजू ने सहयोग किया। प्रभारी प्रधानाचार्या नीतिका सिंह ने आभार प्रकट किया। (संवाद)

अभिमन्यु सीड्स का वादा, लागत कम उपज ज्यादा।
अभिमन्यु

हिन्दुस्तान

## विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट क्लब का गठन

उरई। डीवी कॉलेज के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विषय के सभी छात्र एवं छात्राओं ने लोकतांत्रिक प्रणाली से विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट क्लब का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष संदीप कुमार, उपाध्यक्ष दीपराज एवं संध्या सिंह महामंत्री पद पर निर्वाचित हुईं। सभी नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई।

विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट क्लब की अन्य कार्यकारिणी में अंजली वर्मा संयुक्त सचिव, साक्षी कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार, सांस्कृतिक मंत्री, अभिषेक कुमार तथा पांच सदस्य नम्रता चौधरी, अमन वर्मा, नंदिनी, मोहिनी सैनी तथा कमलेश कुमार चुने गये। परिषद के इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं संयुक्त मंत्री पद के लिए तीन-तीन, सांस्कृतिक मंत्री पद के लिए दो तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए चार छात्र छात्राओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट क्लब के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभाग प्रभारी डॉ श्रवण कुमार त्रिपाठी ने पद की शपथ दिलाई। असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम संयोजक निलेश कुमार वर्मा, प्रयोगशाला सहायक इन्द्र मोहन समेत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## रक्षा अध्ययन सुरक्षा से जुड़ा विषय

### बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

उरई। दयानंद वैदिक कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग के बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के कक्ष संख्या छह में हुआ।

विभाग प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी ने विषय की उत्पत्ति एवं अवधारणा को रेखांकित करते हुए बताया कि प्राचीन काल में इस विषय की उत्पत्ति जीवों द्वारा अपनी सुरक्षा के रूप में हुई।

प्रारंभिक समय में इसका अध्ययन सिर्फ सेना के लिए उपलब्ध था लेकिन बाद में इसके महत्व को समझते हुए नीति निर्धारण करने वालों ने आम जनमानस के लिए उपलब्ध कराया। समय के साथ इसे सैन्य विज्ञान, रक्षा अध्ययन, रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन तथा राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन आदि नाम से जाना गया।

असिस्टेंट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम संयोजक निलेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह विषय सदैव ही प्रासंगिक रहा है, क्योंकि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। इस विषय को पढ़ने के बाद सेना, शिक्षा, मीडिया, सिविल सेवा आदि क्षेत्रों में भविष्य बनाया जा सकता है। प्रयोगशाला सहायक इंद्रमोहन ने विषय से संबंधित प्रायोगिक सामग्री की जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। इस दौरान लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

### स्टूडेंट क्लब का हुआ गठन

उरई। दयानंद वैदिक कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग में लोकतांत्रिक प्रणाली से स्टूडेंट क्लब का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संदीप कुमार, उपाध्यक्ष दीपराज व संध्या सिंह, महामंत्री अंजली वर्मा, संयुक्त सचिव साक्षी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सांस्कृतिक मंत्री-अभिषेक कुमार को चुना गया। इसके अलावा नम्रता चौधरी, अमन वर्मा, नंदिनी, मोहिनी सैनी व कमलेश कुमार सदस्य चुने गए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभाग प्रभारी डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी ने पद की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक निलेश कुमार वर्मा, प्रयोगशाला सहायक इंद्रमोहन आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## सामाजिक समरसता से देश का उत्थान संभव - प्रो. राजेश चन्द्र पाण्डेय

आर्य प्रवाह




लखनऊ। दयानंद वैदिक कॉलेज एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अंतर्गत सामाजिक समरसता दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। समरसता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक समरसता से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। उन्होंने देश के विकास के लिए समरसता की शुरूआत स्वयं से करनी होगी की बात कहते हुए अपने मूल्यों को मन,मस्तिष्क और व्यवहार में आचरणीय बनाने पर जोर दिया द्य उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सामाजिक समरसता पढ़ने-लिखने या भाषण का विषय नहीं है यह एक विस्तृत विचार है जिसमें अपनी मानसिक स्थिति को बदलकर समानता की भावना को अपने जीवन में उतारने का है। आई क्यू ए सी संयोजिका प्रोफेसर अलका रानी पुरवार ने अपने उदबोधन में कहा कि आज हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सीख लेते हुए समाज में निस्वार्थ भाव से परस्पर मिलजुल कर रहने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विभाग छात्रा प्रमुख अलशिफा ने सामाजिक समरसता के जननायक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ वर्षा राहुल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री ओम ठाकुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ सुरेंद्र यादव द्वारा किया गया द्य सामाजिक समरसता कार्यक्रम के इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अतुल प्रकाश बुधौलिया, डॉ. जितेंद्र प्रताप,डॉ. विजेंद्र सिंह,डॉ.श्रवण त्रिपाठी, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता,डॉ. श्वेता यादव एवं विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सौरभ शर्मा व पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

amarujala.com

## भाषण प्रतियोगिता में योगेश अव्वल

### नौसेना दिवस पर रक्षा अध्ययन विभाग में किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

उरई। भारतीय नौसेना दिवस पर डीवी कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बगिया परिसर स्थित सेमिनार हाल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पांडेय ने कहा कि भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में नौसेना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्होंने कर्तव्यों के निर्वहन को ही सच्ची राष्ट्रभक्ति बताया। संयोजिका प्रोफेसर अलका रानी पुरवार ने कहा कि भारतीय सेना के कारण ही हम सभी आज सुरक्षित हैं।

डॉ. शैलजा गुप्ता ने कहा कि हिंद महासागर के विशाल सामुद्रिक क्षेत्र में भारतीय नौसेना किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। डॉ. गौरव यादव ने बताया कि सेना के अदम्य साहस एवं अनुशासन ने हमें सुरक्षित रखा हुआ है।

इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में 16 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र योगेश पांचाल ने प्रथम, एमए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मुस्कान रत्नाकर ने द्वितीय तथा बीए पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका विश्वकर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. विजय चौधरी, डॉ. विजेंद्र कुमार, डॉ. अतुल प्रकाश बुधौलिया रहे। संचालन निलेश कुमार वर्मा ने किया।

आभार डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी ने जताया। इस दौरान डॉ. राजेश पालीवाल, डॉ. जितेंद्र प्रताप, डॉ. नील रतन, इंद्रमोहन आदि रहे।



संबोधित करते डीवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पांडेय। संवाद

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम

कोंच। नदीगांव ब्लाक संसाधन केंद्र में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय जरा की कक्षा-आठ की छात्रा नैंसी पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय क्योलरी के कक्षा पांच के छात्र भरत सिंह ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगथरा की कक्षा 8 की छात्रा वंदना व प्राइमरी विद्यालय कक्षा पांच की छात्रा नंदनी ने भी इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। बुधवार को एमएलसी रमा निरंजन, मंडलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे, डीएम राजेश कुमार पांडेय व एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन ने विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

### 100 मीटर दौड़ में सुचि व शॉटपुट में मनीष अव्वल

महोबा। जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल विभाग की ओर से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इसमें बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुचि सिंह व शॉटपुट प्रतियोगिता में मनीष ने बाजी मारी।

खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिवशंकर राजपूत ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सुचि सिंह ने पहला और रोहणी गोस्वामी ने दूसरा स्थान पाया। बालक वर्ग की दौड़ में मनीष कुशवाहा प्रथम व नरेंद्र वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

वॉलीबॉल में पचपहरा की टीम विजेता व रैपुरा उपविजेता रही। सीनियर वर्ग की 1,500 मीटर दौड़ में चंद्रशेखर ने पहला स्थान पाया। बालिका वर्ग की लंबी कूद में रूबी ने प्रथम स्थान पाया।

कबड्डी में मामना की टीम विजयी हुई। इस मौके पर युवा कल्याण अधिकारी अमर सिंह, रामस्वरूप, जितेंद्र कुमार, उमाकांत, कबड्डी सचिव अरविंद पाल आदि मौजूद रहे। (संवाद)

हिन्दुस्तान



बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्टी में उपस्थित छात्र छात्राएं।

## सामाजिक समरसता से देश का उत्थान संभव

उरई। डीवी कॉलेज एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अंतर्गत सामाजिक समरसता दिवस पर गोष्ठी हुई। प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पांडेय ने कहा सामाजिक समरसता से राष्ट्र का उत्थान संभव है। देश के विकास के लिए समरसता की शुरूआत स्वयं से करनी होगी। सामाजिक समरसता पढ़ने, लिखने या भाषण का विषय नहीं है यह एक विचार है। वहीं डॉ. अलका रानी पुरवार ने कहा आज बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सीख लेते हुए समाज में निस्वार्थ भाव से मिलजुल कर रहने की आवश्यकता है।

हिन्दुस्तान




## छात्र-छात्राओं को दी मेडिटेशन की जानकारी

उरई। डीवी कॉलेज की आइक्यूएसी के तत्वावधान में योग एवं मेडिटेशन समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इस्कॉन टेंपल के माधव प्रताप और अनंत के द्वारा मेडिटेशन व मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। माधव प्रताप ने हम कौन हैं और हमें किस रूप में अपने आपको संवारना है के बारे में अलौकिक बातें बताई गई। वहीं अनंत कुमार ने कहा अच्छी पुस्तक में अच्छे विचार अच्छी संगत कर्तव्य निष्ठा में संलग्न रहने की बात कही। वहीं डॉ अलका रानी पुरवार ने मानसिक स्वास्थ्य पर बल देने की सलाह दी। इस दौरान समारोह संयोजक डॉ राजेश पालीवाल, अनुशासन अधिकारी डॉ गौरव रहे।

हिन्दुस्तान

## भाषण में योगेश और मुस्कान विजेता

उरई, संवाददाता। नौसेना दिवस पर डीवी कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें योगेश ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा अंशिका ने तृतीय ने स्थान प्राप्त प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. राजेश चंद्र पांडेय ने कहा समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में नौसेना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। आइक्यूएसी संयोजिका डॉ. अलका रानी पुरवार ने कहा सेना के कारण ही हम सभी आज सुरक्षित हैं। डॉ. शैलजा गुप्ता ने कहा हिंद महासागर के विशाल क्षेत्र में भारतीय नौसेना किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। मुख्या अनुशासन अधिकारी डॉ. गौरव यादव ने कहा सेना के अदम्य साहस एवं अनुशासन ने हमें सुरक्षित रखा है। वहीं भाषण में बीएड द्वितीय वर्ष के योगेश पांचाल ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और अंशिका विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. विजेंद्र कुमार और डॉ. अतुल प्रकाश बुधौलिया ने प्रतिभागियों का आंकलन किया। इस दौरान निलेश कुमार वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ राजेश रहे।



भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर।

## डीवी कॉलेज के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

उरई(एसएनबी)। शहर के अजनारी रोड स्थित प्रतिष्ठित दयानन्द वैदिक कालेज के परास्नातक कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी केंद्र सरकार की आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसीनेट में विभिन्न विषयों के कुल 9 विद्यार्थियों ने नेट व जूनियर रिसर्च फैलोशिप (जेआरएफ) परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रों ने अद्भुत कीर्तिमान स्थापित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित करने का काम किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि हिन्दी विषय से वैष्णवी पांडेय और ज्योति गुप्ता दोनों छात्राओं ने नेट के साथ जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण की। राजनीति विज्ञान से अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने नेट परीक्षा, भूगोल विषय से साक्षी पटेल, सचिन कुमार और साक्षी देवी इन तीनों विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की। संगीत विषय से सत्यम अवस्थी ने नेट परीक्षा पास की। इसके साथ ही इतिहास से ऋषभ सैंड्रोच और इशु राव ने परीक्षा उत्तीर्ण की। विशेष उपलब्धि के रुप में हिन्दी विभाग की छात्रा वैष्णवी पाण्डेय ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक लाकर अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त की। प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी छात्रों को बधाइयां दीं, साथ ही शोधकार्य के उज्वल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।



उरई : नेट व जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा वैष्णवी पाण्डेय को बधाई देते प्राचार्य राजेश चन्द्र पाण्डेय। फोटो : एसएनबी

# WORK UNDERTAKEN IN THE COLLEGE LIBRARY

Regular efforts are being made to up-grade the existing facility in the college library of Dayanand Vedic College Orai, to fulfill the requirements of students and staff members of the college. Following steps have been taken for the improvement of library:

1) **Library Computerization:**
The Recording of the Bibliographical database (**Machine Readable Catalogue**) of about 63,390 books has been accomplished with the help of SOUL software and the remaining work is under process.

2) **Research Section:**
The Library Committee has recently decided to ensure the availability of the latest journals and periodicals for the use of Research Students & Faculty Members.

3) **Current Awareness of Service:**
The lists of the new books & journals have been circulated to the concerned Departments as and when available in the library.

4) **Special facilities & Services:**
The Following Special services & Facilities have been introduced in the library**:-**

- Personaly help for the physically handicapped users.
- Allocation of specific days and time for the girls & boys separately.

5) **Bulletin Board Service:**
Regular information regarding various activities of library is displayed at the Bulletin Board of library.

6) **Readers Helps :**
Proper guidelines / indicators / glow shine boards etc.are displayed in every area of the library. Proper arrangement is made to provide the prompt service for the benefit of readers.

7) **Library Network:**
Internal Networking has been done through most modern **CAT-6** cable and for this purpose 1 Server And 4 (Four) clients are connected to the main server using powerful DSL Wi-Fi Ethernet Hub and RJ 45 connectors.

8) **Library Collection:**
Library is presently having a collection of about 63,390 books. The collection is arranged according to the Dewy Decimal Classification Scheme. Extensive subject analysis as well as keyword is also provided at the time of processing of books.

9) **OPAC:**
Off-Line Public Access Catalogue OPAC (**Machine Readable Catalogue**) facilities are also provided by using SOUL software.

## Newsletter Committee

**Dr. Neeraj Kumar Dwivedi**
Coordinator/Chief Editor
Dr. Sarvesh Kumar Shandilya
Co-Coordinator
Dr. Surendra Mohan Yadav
Co-Coordinator
Dr. Alok Pathak
Member
Dr. Nagma Khanam
Member
Dr. Nilesh Kumar Verma
Member
Dr. Brij Narayan
Member

## IQAC

| | |
|---|---|
| प्राचार्य | पदेन सभापति |
| प्रो0 अलकारानी पुरवार | संयोजक |
| डॉ0 विजय कुमार चौधरी | उपसंयोजक |
| प्रो0 शैलजा गुप्ता | सदस्य, संयोजक नैक |
| डॉ0 राजेश पालीवाल | सदस्य, संयोजक एल्युमिनी |
| डॉ0 श्रवण कुमार त्रिपाठी | सदस्य |
| डॉ0 नमो नारायण | सदस्य |
| डॉ0 गौरव यादव | मुख्य अनुशासन अधिकारी |
| डॉ0 अतुल प्रकाश बुधौलिया | सदस्य |
| डॉ0 प्रवीण सिंह | सदस्य |
| डॉ0 रश्मि सिंह | सदस्य |
| श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव | कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक |
| छात्र प्रतिनिधि | सदस्य |